समाचार
कृष्णानगर की समस्या जानने जनसंपर्क किया महापौर ने
(सड़क, बिजली एवं सफाई कार्यो के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए अधिकारियों को)

कोरबा 06 जुलाई 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने 06 जुलाई को निगम के वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर बस्ती में भ्रमण कर जनता की समस्याएं जानी, उन्होने सड़क, बिजली एवं साफ–सफाई कार्यो से संबंधित कार्यो हेतु निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 23 की कृष्णानगर बस्ती में महापौर श्रीमती अग्रवाल ने सघन जनसंपर्क भ्रमण किया तथा आमनागरिकों से भेंटकर बस्ती की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। बस्ती में महापौर के पहुंचने पर बस्तीवासियों ने उनका हार्दिक स्वागत किया। महापौर ने बस्ती की महिलाओं तथा नागरिकों से सीधी चर्चा कर उनकी समस्याओं की संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बस्तीवासियों ने बस्ती में सड़क निर्माण की आवश्यकता की ओर महापौर श्रीमती अग्रवाल का ध्यान आकृष्ट कराया तथा सड़क निर्माण कराए जाने का अनुरोध किया। इसी प्रकार बस्ती में स्थित सामुदायिक भवन के सामने लाईट की व्यवस्था किए जाने की मांग की। बस्तीवासियों ने बस्ती में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए जाने तथा इस दिशा में आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने बस्ती में सड़क निर्माण, लाईट व्यवस्था एवं साफ–सफाई कार्यो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।

महापौर श्रीमती अग्रवाल के बस्ती भ्रमण व जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस नेत्री मंगल बुधिया, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, ब्रिजेश यादव, राजू पाण्डेय, मुकेश झा, मनोज कटेलिया, सुनीता तिग्गा, एल.एम. सनाई, पप्पू पाण्डेय, अजय चौहान, राजेश सिंह, अर्जुन, पंकज, आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।